**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 गुरूवार** **दिनांक 05.04.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:–**

1– प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत आज नामांकन पत्रों की जांच की गई–राजनांदगांव में उन्नीस, महासमुंद में अट्ठारह और कांकेर संसदीय क्षेत्र में नौ नामांकन वैध पाए गए।

2– राजधानी रायपुर के रामनगर इलाके में स्थित बिजली विभाग के सब डिवीजन परिसर में आज भीषण आग लग गई–यह आग करीब डेढ़ एकड़ इलाके में फैल गई है–फायर बिग्रेड की दस से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं–प्रशासन द्वारा घटनास्थल के आसपास रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

3– दंतेवाड़ा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया–सुकमा जिले में आठ लाख रूपये के इनामी माओवादी दंपत्ति ने किया आत्मसमर्पण।

4– प्रदेश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।

**नामांकन–जांच**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में तेईस उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था। इनमें से उन्नीस नामांकन वैध पाए गए। जबकि, चार नामांकन रद्द कर दिए गए।

वहीं, महासमुंद क्षेत्र के लिए उन्नीस अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इनमें से अट्ठारह नामांकन वैध पाए गए। एक निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया गया है। इसी तरह, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए दस अभ्यर्थियों ने नामांकन भरा था, जिनमें से नौ नामांकन वैध पाए गए। जांच में भारतीय साक्षर पार्टी के उम्मीदवार राजाराम नाग का नामांकन रद्द कर दिया गया है। दूसरे चरण के तहत अभ्यर्थी आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

**प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ़**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ अप्रैल को छत्तीसगढ़ के एकदिवसीय प्रवास पर बस्तर आएंगे। इस दौरान श्री मोदी भानपुरी क्षेत्र के छोटे आमाबाल में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रवास को लेकर पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली तथा जरूरी दिशा–निर्देश दिए। प्रधानमंत्री की चुनाव सभा के प्रभारी का दायित्व वन मंत्री केदार कश्यप को सौंपा गया है। गौरतलब है कि बस्तर लोकसभा सीट में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। वहीं, कल कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में राजनांदगांव से भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय के पक्ष में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभा को संबोधित करेंगे।

**भाजपा–प्रवेश**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव इंजीनियर रवि पांडेय अपने सहयोगी और समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। गौरतलब है कि इंजीनियर रवि पांडेय जांजगीर–चांपा जिले के रहने वाले हैं। वे कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान के प्रदेश में टॉपर रहे हैं।

**कांग्रेस–घोषणा पत्र**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और बस्तर सांसद दीपक बैज ने आज बालोद में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अनिला भेंडिया, विधायक कुंवर सिंह निषाद, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष संतराम नेताम और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बीरेश ठाकुर उपस्थित थे। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिव डॉक्टर चंदन यादव

ने आज रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर वार रूम के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव विजय जांगिड़, प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू और वार रूम प्रभारी शैलेष नितिन त्रिवेदी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**भाजपा–शिकायत**

भारतीय जनता पार्टी ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का वीडियो एडिट कर उसे प्रचारित करने के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी के जिला अध्यक्ष जयंती पटेल और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत दर्ज कराने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री के बीते तीन अप्रैल को महासमुंद में दिए गए भाषण में छेड़छाड़ कर राजनांदगांव के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए वोट देने की अपील करते हुए दिखाया गया, जो न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि आचार संहिता का उल्लंघन भी है। उन्होंने वीडियो निर्माता के खिलाफ अपराध दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

**रायपुर–आगजनी**

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित रामनगर इलाके में बिजली विभाग के सब डिवीजन परिसर में आज भीषण आग लग गई। यह आग करीब डेढ़ एकड़ इलाके में फैल गई है। फायर बिग्रेड की दस से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह आग ट्रांसफॉर्मर में शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। घटनास्थल पर लगातार ब्लास्ट की आवाज आ रही है। परिसर में बड़ी संख्या में ट्रांसफॉर्मर रखे हुए हैं। इस आग का धुआं शहर के आसमान में फैल गया है। इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बना हुआ है। मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सचिव पी. दयानंद, कलेक्टर डॉक्टर गौरव द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक मौजूद हैं। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। प्रशासन द्वारा घटनास्थल के आसपास रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

इस बीच, रायपुर कलेक्टर ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि आग पर काबू पाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र और सरकारी दमकलों के अलावा अन्य संसाधनों का उपयोग किया गया। आग परिसर के एक हिस्से में अभी भी दिख रही है। जल्द ही इस पर काबू पा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के बाद जिला प्रशासन ने आसपास के घरों को एहतियात के तौर पर खाली करा लिया था।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने बताया कि गुढ़ियारी स्थित बिजली विभाग के सब डिवीजन ऑफिस के स्टोर एरिया में आग लगी है। इससे कई ट्रांसफॉर्मर और बिजली के उपकरण जलकर खाक हो गए हैं। विभाग इस घटना की जांच कराएगी।

**माओवादी मुठभेड़–समर्पण**

दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। वहीं, जवानों ने इस मुठभेड़ में कई अन्य माओवादियों के घायल होने का दावा किया है। मिली जानकारी के अनुसार किरंदुल थाना क्षेत्र से आज सुबह डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान पुरंगेल, बड़ेपल्ली, दोडीतुमनार और गमपुर के जंगलों में माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान एक माओवादी मारा गया। घटनास्थल से माओवादी के शव के अलावा हथियार, गोला–बारूद और दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की गई है।

उधर, सुकमा जिले में आज एक माओवादी दंपत्ति ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से एक माओवादी पर आठ लाख रूपये का इनामी घोषित था। आत्मसमर्पित माओवादी दंपत्ति पर जिले की कई बड़ी माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। इधर, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में सीतागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पिटेमेटा में माओवादियों ने बीती रात एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। वहीं, माओवादियों ने गांव में लगे टॉवर में भी आग लगा दी।

**समाचार–समय बदलाव**

आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित होने वाले हिन्दी प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में आगामी सात अप्रैल से परिवर्तन किया जा रहा है। सात अप्रैल से यह प्रादेशिक समाचार बुलेटिन शाम सात बजकर पांच मिनट के स्थान पर आप शाम छह बजकर पैंतालीस मिनट से सुन सकेंगे।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **वन क्षेत्रों में आगजनी के कारण और उनकी रोकथाम** पर मुख्य वन संरक्षक सतर्कता वी.पी. सिंह से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल छह अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**एसीबी–गिरफ्तार**

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने कल खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजेश मडावे को डेढ़ लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

उधर, सूरजपुर जिले में रामानुजनगर विकासखंड के तेलईमुड़ा के पटवारी रामगोपाल साहू को एसीबी की टीम ने सूरजपुर स्टेट बैंक परिसर में तीन हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पटवारी ने नामांतरण के नाम पर गोविंदपुर निवासी सुनील सिंह से पांच हजार रूपये की मांग की थी।

**मतदाता जागरूकता**

लोकसभा चुनाव के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रदेश में इन दिनों स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कल राजधानी रायपुर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने लोगों को शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

इसी तरह, सुभाष स्टेडियम में अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इधर, गोबरा–नवापारा स्थित महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम स्थल में दीपदान के साथ ही स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उधर, जांजगीर–चांपा जिले के पीथमपुर मेले में यूनिसेफ के तत्वावधान में हसदेव के हीरो वॉलेंटियर्स द्वारा नुक्कड़–नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

इसी तरह, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में शत–प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के जिला नोडल अधिकारी कौशल प्रसाद तेंदुलकर ने वनांचल क्षेत्रों में महुआ फूल से स्वीप लिखवाकर लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

**संक्षिप्त समाचार**

– राजनांदगांव जिले में छुरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के घर कल निर्वाचन आयोग की उड़नदस्ता टीम ने दबिश देकर बिना अनुमति बैठक किए जाने के कारण पंचनामा की कार्रवाई की।

– राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में कल छह अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन और मीडिया की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में पेड न्यूज और मीडिया सर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>